02/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबध्द है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल किसानों कि समृद्धि बढाने के लिए समर्पित है। उन्होने कहा है कि देश को अपने सभी किसानों पर गर्व है जो देश का पेट भरने के लिए कड़ी मेहनत करते है। केंद्रिय मंत्रिमंडल ने कल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने और डी.ए.पी फर्टिलाईजर सबसिडी को बढाने को भी मंजूरी दी।

0000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसारा, भारत ने म्यांमार के साथ अपनी सीमा पर नौ किलोमीटर से अधिक की बाड़ लगाने का काम पूरा कर लिया है और बाड़ के साथ सड़क बनाने का काम अभी जारी है। बाड़ लगाने का काम मणिपुर के मोरेह में किया गया है। पिछले साल फरवरी में सीमा सड़क संगठन को लगभग 21 किलोमीटर की बाड़ और सड़क बनाने का काम सौंपा गया था, जिस पर काम चल रहा है। भारत और म्यांमार के बीच 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा है जो अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम से होकर गुजरती है। मंत्रालय ने कहा कि 1,643 किलोमीटर की सीमा में से 1,472 किलोमीटर की सीमा का सीमांकन पूरा हो चुका है। अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में हाइब्रिड निगरानी प्रणाली की दो पायलट परियोजनाओं पर निर्माण कार्य जारी है।

00000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि 2025 में लोगों के जीवन में और अधिक खुशहाली और समृद्धि लाना उनकी सरकार की मुख्य प्राथमिकता होगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि, "नए साल में हमारे लोगों के जीवन में और अधिक खुशहाली और समृद्धि लाना टीम अरुणाचल की मुख्य प्राथमिकता होगी, जो राज्य के निर्बाध विकास को सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात काम कर रही है।" मुख्यमंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि वे "पिछले साल हमने क्या हासिल किया और क्या नहीं किया" इस पर विचार करें और नए साल में उनकी सरकार को उन्हें हासिल करने में मदद करें। उन्होंने कहा, हम सभी की भलाई और समृद्धि के लिए समग्र सरकारी दृष्टिकोण के साथ काम करना जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

00000000000000000000

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सभी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन कर देश के गांवों को गरीबी मुक्त बनाया जाएगा। आज नई दिल्ली में अपने मंत्रालय के कार्यों की समीक्षा करते हुए श्री चौहान ने कहा कि मासिक आधार पर लक्ष्य निर्धारित किए जाएंगे और उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा।

0000000000000000000000

आज राष्ट्रीय खेल पुरस्कार कि घोषणा कि गई। विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश, पेरिस ओलंपिक में दो पदक विजेता मनु भाकर, भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। वहीं अन्य बत्तीस खिलाडियों को अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जायेगा। जबकी, चंडीगढ यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रोफी दी जायेगी। पुरस्कार विजेताओं को इस महीनें की सत्रह तारीख को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पुरस्कार प्राप्त होगा।

0000000000000000000000

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग आई.एम.डी ने जानकारी दी है कि उन्नीस सौ एक के बाद से दो हजार चौबीस देश में अब तक का सबसे ज्यादा गर्म साल रहा। आई.एम.डी के महानिदेशक मृत्युंजय मोहापात्रा ने वर्चुअली मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पुर्वी, उत्तर पश्चिम और मध्य पश्चिम क्षेत्रों के कुछ इलाको को छोड़कर जनवरी में देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है। उन्होने कहा है कि देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकत्म तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। श्री मोहापात्रा ने कहा कि मध्य भारत के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों मे जनवरी के दौरान सामान्य से अधिक शीत लहर वाले दिन रहने की आशा है।

आई.एम.डी के अनुसार जनवरी से मार्च के दौरान उत्तर भारत में बारिश सामान्य से कम रहने की संभावना है।

0000000000000000000

देश में पिछले 10 वर्षों में रोजगार सृजन में छत्तीस प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार, 2014 से 2024 तक 17 करोड़ से अधिक अतिरिक्त रोजगार सृजित किए गए। मंत्रालय ने कहा कि पिछले वर्ष देश में लगभग चार करोड़ 60 लाख रोजगार सृजित हुए। मंत्रालय के अनुसार 2014 से 2024 के बीच हासिल की गई छत्तीस प्रतिशत की रोजगार वृद्धि दर 2004 से 2014 के बीच दर्ज की गई 7 प्रतिशत की वृद्धि से कहीं बेहतर है। आंकड़े दर्शाते हैं कि मोदी सरकार के कार्यकाल में कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में 19 प्रतिशत, विनिर्माण क्षेत्र में 15 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

0000000000000000000

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ नमस्कार!